**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 4093**
**गुरूवार, 7 अप्रैल, 2022/17 चैत्र, 1944 (शक)**

**सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार**

**4093. डा. वी. शिवादासनः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017 से अब तक सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कुल व्यक्तियों के वर्ष-वार आंकड़े क्या है;

(ख) वर्ष 2017 से अब तक देश के कुल रोजगार में से सार्वजनिक क्षेत्र के रोजगार का वर्ष-वार प्रतिशत कितना-कितना है;

(ग) क्या विगत कुछ वर्षों में इसमें कमी आई है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (घ) : कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, दिनांक 01.03.2018, 01.03.2019 एवं 01.03.2020 की स्थिति के अनुसार केन्द्र सरकार के उपलब्ध नियमित सिविलियन कर्मचारियों की अनुमानित संख्या नीचे दी गई है:

| वर्ष | कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या (लाख में) |
|---|---|
| 2017-18 | 31.19 |
| 2018-19 | 30.89 |
| 2019-20 | 31.33 |

स्रोत: डीओपीटी

लोक उद्यम विभाग (डीपीई), वित्त मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या इस प्रकार है:

| वर्ष | नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या (लाख में) |
|---|---|
| 2017-18 | 10.87 |
| 2018-19 | 10.71 |
| 2019-20 | 9.10 |
| 2020-21 | 8.61 |

स्रोत: डीपीई, वित्त मंत्रालय

सीपीएसई में रोजगार समय-समय पर उनके विस्तार/निवेश योजना के अनुसार उनकी आवश्यकता पर निर्भर करता है।

*****